## एक नजर में

### कृषक पशुपालन मैत्री योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु 15 अगस्त तक आवेदन करें

**मंदसौर।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा मैत्री योजनान्तर्गत प्रशिक्षण के लिये आवेदन पत्र 15 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्था से सम्पर्क कर सकते हैं। आवेदन के मापदण्ड अनुसार दस्तावेज के साथ आवेदन करें। जिसके लिये आवेदक का कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

सफल आवेदक को प्रशिक्षण पूर्ण करने बाद प्रथम वर्ष 1500 रूपये द्वितीय वर्ष 1200 रूपये एवं तृतीय वर्ष 800 रूपये प्रतिमाह के मान से स्टायफंड के रूप में राशि शासन द्वारा प्रदाय कि जाती है। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन विभाग मंदसौर से संपर्क करें।

### जिले में अब तक 482 .8 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 482.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 6.5 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 4.0 मि.मी., सीतामऊ में 4.6 मि.मी., सुवासरा में 12.4 मि.मी., गरोठ में 11.2 मि.मी., भानपुरा में 15.6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 2.0 मि.मी., धुधंड़का में 3.0 मि.मी., शामगढ़ में 12.0 मि.मी., संजीत में 3.0 मि.मी., कयामपुर में 4.3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 534.0 मि.मी., सीतामऊ में 406.4 मि.मी. सुवासरा में 344.2 मि.मी., गरोठ में 473.4 मि.मी., भानपुरा में 1185.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 274.0 मि.मी., धुधंड़का में 368.0 मि.मी., शामगढ़ में 435.4 मि.मी., संजीत में 373.0 मि.मी., कयामपुर में 383..3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 534.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1292.36 फीट है।

### स्व . आनंद अग्रवाल की स्मृति में सेवा कार्यों का आयोजन

**पिपलियामण्डी।** समाजसेवी स्वर्गीय आनंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में नगर में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन उनके परिवारजनों की ओर किया जा रहा है। सुबह नि:शुल्क योग एवं मेडिटेशन सत्र का



आयोजन किया, जिसमें बी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। इसके पश्चात स्थानीय गौशाला में गौवंश के लिए चारा, गु आदि वितरित किया। साथ ही गांधी चौराहे पर संचालित रोटी बैंक के माध्यम से रूरतमंदों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर स्व. आनंद अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों ने बताया कि वे जीवन भर धार्मिक आस्थावान रहते हुए सेवा, दान और परोपकार के कार्यों में सक्रिय रहे। उन्होंने समाज में समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की और अनेक जनकल्याणकारी कार्यों में योगदान दिया। अग्रवाल की स्मृति में आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## ईशांक कीमती के 9 उपवास पूर्ण, गुणानुवाद सभा संपन्न, जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में प्रतिदिन हो रहे प्रवचन

नवभारत न्यूज

**पिपलियामण्डी। सौभाग्य कुल दिवाकर प्रवर्तक राजप्रकाश मुनि मसा की सुशिष्या, रमणीकक्कुंवर रंजन आदि थाणा-4 के सानिध्य में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में प्रतिदिन जिनवाणी वाचन एवं प्रवचन हो रहे हैं। प्रवचन सभा में रमणीकक्कुंवर व शासन प्रभाविका चंदना श्रीजी ने आत्मशक्ति, मनोबल और संकल्प की महत्ता पर प्रकाश डाला।**

उन्होंने महाभारत में भीष्म पितामह के उदाहरण को उद्धृत करते हुए कहा कि दृ संकल्प से ही आत्मसाधना एवं तप की सिद्धि संभव होती है। उन्होंने नन्हे तपस्वी ईशांक कीमती द्वारा की जा रही 9 उपवासों की तपस्या की प्रशंसा की। उन्होंने कहा यह तपस्या न केवल आत्मनिर्जरा का माध्यम बनी, बल्कि संपूर्ण संघ व कीमती परिवार के लिए गौरव का विषय बनी है, तपस्वी ईशांक की तपस्या को सभी ने प्रेरणादायक बताया और अनुमोदना की। राजेश दक ने बताया बुधवार को दोपहर 2 बजे जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में तपस्वी रत्न ईशांक की तपस्या पूर्ति दिवस के उपलक्ष में गुणानुवाद सभा एवं चोबीसी का आयोजन हुआ। इस प्रभावना का लाभ स्व. सुशीलादेवी की स्मृति में प्रसन्नचंद कीमती परिवार ने लिया। प्रात: 10 प्रत्याख्यान में पारणे का लाभ मंजू व डॉ. प्रकाशचंद परमार परिवार नारायणग ने लिया। उन्होंने आगे बताया 31 जुलाई को प्रात: 9 बजे भक्ताम्बर पाठ एवं संपूट का आयोजन होगा, जिसके लाभार्थी संतोष व राजेंद्र भंडारी रहेंगें।



> 3 अगस्त को राखी पर्व से पूर्व विशेष जौं के जाप का आयोजन होगा। जिसमें भाई-बहन, सास-बहू, देवरानी-जेठानी आदि स्वाधर्मिक रिश्तों से जु लोग सम्मिलित हो सकेंगे। लाभार्थी परिवार डॉ. विनोद कुमार जैन रहेंगे। स्थानक वासी जैन श्रावक संघ अध्यक्ष अजय कीमती ने बताया की प्रात: 9 से 10 बजे तक प्रवचन हो र हे है, श्रावक-श्राविकाएं धर्मलाभ लेकर आत्मशुद्धि का संकल्प लें।

### गरोठ पुलिस की बड़ी कार्रवाई- अवैध शराब और नकदी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गरोठ। थाना गरोठ पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि चांदखेड़ी रोड स्थित हाट मैदान क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार हो रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर घनश्याम पिता राधेश्याम मेघवाल (उम्र 30 वर्ष, निवासी गरोठ) को मौके से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 42 क्वार्टर देशी प्लेन शराब, 6 क्वार्टर देशी मसाला शराब, 14 टिन पावर बीयर और 5780 नकद राशि जब्त की। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की पूछताछ जारी है।

थाना प्रभारी और उनकी टीम की तत्परता व योजना के चलते यह बड़ी कार्रवाई संभव हो सकी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाइयाँ लगातार जारी रहेंगी।



### बाल कैबिनेट का गठन हुआ महिमा बैरागी अध्यक्ष बनी

**झलारा/नाहरगढ। शासकीय हाई स्कूल झलारा में सत्र 2025ङ्ग26 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इस प्रक्रिया में लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थियों ने मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।** चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कुमारी महिमा बैरागी को बाल कैबिनेट का अध्यक्ष चुना गया तथा उपाध्यक्ष पद पर विष्णु लाल निर्वाचित हुए। अन्य मंत्री पदों पर क्रमश कुमारी दीपिका पंवार (सांस्कृतिक मंत्री), जिगर धनगर (खेल मंत्री), मुरली पाटीदार (स्वास्थ्य मंत्री) तथा लक्ष्मी धनगर (अनुशासन मंत्री) को चयनित किया गया। इस चुनावी प्रक्रिया को विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य जगदीश चंद्र राठौर ने सभी निर्वाचित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएं और विद्यालय की प्रगति में सक्रिय योगदान दें। छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

**एक नजर** — साधु संतों द्वारा की जाने वाली धार्मिक क्रियाएं आत्मोत्थान का जीवंत उदाहरण है

## 48 दिवसीय उपधान तप संयम, साधना और आराधना की गहन अनुभूति

**पिपलियामण्डी। संयम के मार्ग पर चलना तलवार की धार पर चलने जैसा होता है। सांसारिक मोह-माया से दूर रहकर, दिनचर्या में जितनी साधना, आराधना और उपासना साधुजन करते हैं, उन्हीं गू तप क्रियाओं को प्रत्यक्ष अनुभव करना ही उपधान तप कहलाता है।** इस अद्वितीय साधना का अनुभव कर पुण्य अर्जन करने हेतु 48 दिनों तक साधु वेश धारण कर उपधान आराधना की जाती है, जो आत्मिक शुद्धि और संयम जीवन की श्रेष्ठतम झलक प्रदान करती है।

इसी भाव भूमि पर आधारित उपधान तप आराधना के लिए मालवा अंचल में विराजित साधु-साध्वियों को श्री बही पार्श्वनाथ सम्मेत शिखर तीर्थ पर निश्रा हेतु विनती करने के लिए ट्रस्ट मंडल द्वारा मंगल यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर आचार्य निपूर्णरत्नविजय मसा ने कहा कि वर्तमान युग में जैन संतों की त्याग-तपस्या समाज को दिशा देने वाली है। प्रात: 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक साधु-संतों द्वारा की जाने वाली धार्मिक क्रियाएं आत्मोत्थान का जीवंत उदाहरण हैं। उपधान तप के माध्यम से आमजन इन क्रियाओं में भाग लेकर संयम की अनुभूति कर सकते हैं।



उपधान तप आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक कुमठ ने जानकारी दी कि ट्रस्ट मंडल सदस्य, लाभार्थी ज्ञानचंद पूनमचंद चौरयिा परिवार नीमच के साथ दलौदा, रतलाम, उज्जैन, इंदौर आदि स्थानों पर विराजित साधु-साध्वियों से विनती की गई। इस मौके पर प्रेमप्रकाश पगरिया (नीमच) एवं दिलीप डांगी (मंदसौर) सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह उपधान तप न केवल आत्मिक अनुशासन की साधना है, बल्कि यह समाज के लिए भी संयम, सेवा और सत्य का प्रेरक उदाहरण बनता है।



### विद्यार्थियों की सैनिक भर्ती व स्वास्थ्य परीक्षण

**कयामपुर/नाहरगढ।** राष्ट्रीय केडेट कोर अन्तर्गत 5 मध्यप्रदेश बटालियन मन्दसौर के कमाण्डिंग अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश के निर्देशानुसार दिनांक 30 जुलाई 2025 को ट्रुप नम्बर 168 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय कयामपुर में 27 छ्ष्ठ और 26 छ्ख्ङ्ख छात्र सैनिकों की भर्ती की गई। भर्ती हेतू बटालियन से सुबेदार जयराम बडक और बटालियन हवलदार मेजर सुखचेन सिंह ने छात्र सैनिकों से शीटअप-पुशअप-दौड़ करवाकर बच्चों का चयन किया। स्वास्थ्य परीक्षण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कयामपुर के मेडिकल अधिकारी डॉ मनीष मिण्डा द्वारा किया गया। ट्रुप कमाण्डर और विद्यालय के प्राचार्य विक्रम शर्मा द्वारा आवेदन आनलाईन करने की कार्रवाई की गई। प्रवेशित बच्चों को दो साल के प्रशिक्षण और परीक्षा उपरान्त, सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। इस अवसर पर विद्यालय में पौधारौपण भी किया गया। यह जानकारी प्राचार्य विक्रम शर्मा ने देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# नीमच

## एक नजर में

### जिला प्रेस क्लब, नीमच की पत्रकारों की कार्यशाला नीमच में

**नीमच।** जिला प्रेस क्लब, नीमच (रजि.) द्वारा जल्द ही नीमच में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य पत्रकारों को उनके काम में और बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित करना है। इस बारे में जिला प्रेस क्लब, नीमच, पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण संगठन है। यह क्लब पत्रकारों को एक साथ लाता है, उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करता है, और उनके हितों की रक्षा करता है। इस कार्यशाला के माध्यम से, पत्रकारों को नवीनतम कानून, तकनीकों और प्रथाओं के बारे में जानने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने काम को और अधिक प्रभावी ढंग से कर पाएंगे। यह कार्यशाला नीमच में जिला मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले पत्रकारों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा, जैसे कि नवीनतम पत्रकारिता तकनीकें, सोशल मीडिया का उपयोग, नैतिक पत्रकारिता, खोजी पत्रकारिता, तथ्यात्मक पत्रकारिता। यह कार्यशाला निश्चित रूप से नीमच जिले के पत्रकारों के लिए एक उपयोगी अनुभव होगा।

### नपा की कार्रवाई, सड़क पर विचरण करते 16 पशुओं को गौशाला भेजा



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को पकड़ने एवं पशुओं को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी है। बुधवार को स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टाक के सानिध्य में स्वच्छता निरीक्षक श्री गोपाल नरवाले व गैंग प्रभारी महेंद्र सौदे द्वारा सड़क पर विचरण करने वाले 24 पशुओं को पकड़ा गया। पकड़े गए पशुओं में से 8 पशुओं को पशुपालकों से एक-एक हजार रू. (कुल 8 हजार) जुर्माना लेकर छोड़ा गया एवं 16 निराश्रित पशुओं को चैनपुरा गौशाला भेजा गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक ने शहर के पशुपालकों से निवेदन किया कि अपने पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़े। खुले छोड़ने पर चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### म .प्र .घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय विकास अभिकरण के अध्यक्ष श्री बंजारा आज नीमच आएंगे

**नीमच।** म .प्र .विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदाय विकास अभिकरण के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) श्री बाबूलाल बंजारा आज 31 जुलाई 2025 को प्रात-9 बजे मंदसौर से प्रस्थान कर नीमच आएंगे और नीमच में विमुक्त घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदायों पर चर्चा के लिए कलेक्टर कार्यालय नीमच में बैठक में शामिल होने के बाद शाम 5 बजे नीमच से मेलखेड़ा मंदसौर के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान करेंगे।

## स्लम बस्तियों में आश्रय निधि से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी : कलेक्टर

- कलेक्टर ने किया नीमच शहर की विभिन्न स्लम बस्तियों का निरीक्षण
- स्लम बस्तियों में नाली, सड़क एवं बिजली की सुविधाओं का लिया जायजा

**नीमच। स्लम एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत नीमच शहर की एकता कालोनी, अम्बेडकर कालोनी, यादव मण्डी, रावण रूण्डी एवं गाडोलिया बस्ती, ग्वालटोली व अन्य स्लम बस्तियों में आश्रय निधि से सड़क, बिजली, नाली आदि मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए स्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करें।**

यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच शहर की एकता कॉलोनी, अम्बेडकर कालोनी, यादव मण्डी, नीमच सिटी, रावण रूण्डी एवं गाडोलिया बस्ती, बरूखेड़ा रोड़ स्थित स्लम बस्तियों का निरीक्षण के दौरान नीमच न.पा. सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया को दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, परियोजना अधिकारी शहरी विकास चंद्रसिह धार्वे, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, तहसीलदार नीमच संतोष कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर चंद्रा ने अम्बेडकर कालोनी स्थित आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर, स्कूल परिसर की प्रीकास्ट बाउण्ड्रीवाल बनाकर, मैदान का समतलीकरण कर खेल मैदान तैयार करवाने के निर्देश न.पा.सीएमओं को दिए। कलेक्टर ने वाल्मिकी बस्ती, एकता कालोनी, जयसिंगपुरा रोड़ स्थित पांच गलियों में नाली, सड़क निर्माण के प्रस्ताव भी बनाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने ग्वालटोली, गाडोलिया बस्ती, रावणरूण्डी नई आबादी, यादव मण्डी का निरीक्षण कर इन बस्तियों में उपलब्ध सड़क, बिजली, नाली निर्माण आदि मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और शेष गलियों को सी.सी., नाली निर्माण के स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



> **आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण**
> कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्वालटोली, गाडोलिया बस्ती के निरीक्षण दौरान वहॉं संचालित आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी भवन में संचालित प्राथमिक विद्यालय के पास बने सामुदायिक भवन में शिफ्ट करवाने के निर्देश दिए।



### पशु चिकित्सा दल ने किया जीरन की गौशाला का निरीक्षण

**नीमच। उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार एवं पशु चिकित्सकों के दल डॉ.ए.आर.धाकड़, डॉ.संदीप शर्मा एवं पशु चिकित्सा सहायक क्षेत्राधिकारी संदीप जैन ने बुधवार को महावीर गौशाला जीरन का निरीक्षण किया।** निरीक्षण में पाया, कि गौशाला परिसर में लगातार वर्षा के कारण कीचड़ हो रहा है। इस पर दल ने गौशाला संचालक को हार्ड मुरम डलवाने के निर्देश दिए है। साथ ही शेड की नियमित सफाई, गोवंश के चारा खाने की होदियों की प्रति तीसरे दिन साफ- सफाई तथा पेयजल होदियों की पाक्षिक रूप से सफाई करने के भी निर्देश दिए गये ।उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि वर्तमान में गौशाला में उपलब्ध पशुधन के मान से छाया की व्यवस्था एवं चारे की व्यवस्था गौशाला में पर्याप्त है। गौशाला द्वारा 250 पशु आहार के बेग दुग्ध संघ से खरीदे गये है। गंभीर बीमार व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश के समुचित उपचार के लिए सघन चिकित्सा ईकाई स्थापित कर उसमें पशुओं को रखकर समुचित उपचार करवाएं। प्रबंधक को निर्देश दिए गये,कि मृत गौवंश का निर्धारित रीति (समाधी) के माध्यम से निस्तारण करें। गौवंश को समुचित सुरक्षा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए।

**एक नजर** — विभिन्न ग्रामों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया

## नीमच जिले के ग्रामों में पहुंची न्याय की रोशनी

**नीमच। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीमच/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच द्वारा दिनांक 29 एवं 30 जुलाई 2025 को अंचल के विभिन्न ग्रामों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।**

इन शिविरों का उद्देश्य जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत आमजन एवं विद्यार्थियों को विधिक सहायता की योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शोभना मीणा तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा इन शिविरों का संचालन किया गया ।ग्राम पंचायत मालखेड़ा, नेवर, सेमली चंद्रावत के शासकीय विद्यालयों एवं पंचायत भवनों में ग्रामीण जनों एवं विद्यार्थियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम तथा अन्य विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान की गई ।इसी क्रम में, दिनांक 30 जुलाई 2025 को ग्राम पंचायत कनावटी, डुंगलावदा, सुआ खेड़ा, बोरखेड़ी, मोरका एवं महेशपुरिया स्थित ग्राम पंचायत कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। 30 जुलाई को ही उप-जेल जावद का निरीक्षण भी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया, जिसमें बंदियों को विधिक सहायता की उपलब्धता एवं उनके प्रकरणों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई।





### हाथों में कांवड़ लेकर नीलकंठ महादेव पहुंचे कांवड़िए, नलखेड़ा से निकली कांवड़ यात्रा

**मनासा। समीपस्थ गांव नलखेड़ा से कांवडिए हाथों में कांवड़ लेकर बाबा नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक करने निकलें। जहां कांवड़ में भरे जल से बाबा का जलाभिषेक कर क्षेत्र व गांव की सुख-समृद्धि व अच्छी बारिश की कामना की।**

बता दें कि गांव नलखेड़ा के ग्रामीणों द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चोथी कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा पवीत्र सावन माह के बूधवार को निकाली गई। कांवड़ यात्रा गांव के श्रीचारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण से डीजे के साथ प्रारंभ हुई, जो गांव अचलपुरा, जालिनेर, सावन कुंड, सावन व जवासा होते हुए बोरखेडी पानेरी स्थित नीलकंठ महादेव पहुंची। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए हाथो में कांवड़ लिए चल रहे थे। वही महिलाएं व युवतियां नृत्य करते हुए चल रही थी। जो दोपहर 2 बजे नीलकंठ महादेव पहुंची, जहां कांवड़ के जल से बाबा का जलाभिषेक किया ।